अंचल अधिकारी का कार्यालय, करमाटॉड़(विद्यासागर)

संदिग्ध / अवैध जमाबंदी रद्दीकरण वाद संख्या- 116/2023

आदेश फलक

| तिथि | | टिप्पणी |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |

-:आदेश:-

20.05.2023

अभिलेख उपस्थापित।

यह अभिलेख मुख्य सचिव, झारखण्ड के पत्रांक 2074/रा0 दिनांक 13. 5.16 के साथ सहपठित उपायुक्त, जामताड़ा के आदेश ज्ञापांक 461/रा0, दिनांक-14.5.16 के आधार पर संधारित किया गया है। राजस्व उप

उपायुक्त जामताड़ा के द्वारा दिए गए आदेश के अनुपालन में निरीक्षक करमाटॉड़(विद्यासागर) के माध्यम निरीक्षक हल्का संख्या-01 ने अंचल से जांच प्रतिवेदन दिया है कि करमाटॉड़(विद्यासागर) अंतर्गत मौजा-जेरूवा, थाना सं0-90, खाता सं0-17/1, दाग सं0-611, रकवा-2.00 एकड़ भूमि जमाबंदीदार-सुकर पुजहर ग्राम-जेरूवा, पोस्ट-रानीटॉड़, थाना-करमाटॉड़, जिला जामताड़ा के नाम से पंजी-II में दर्ज है। तथा उक्त भूमि का राजस्व अभिलेख के साथ स्थल जाँच करने पर पाया कि उक्त भूमि का सर्वे खतियान में किस्म-पुरातन पतित कहकर दर्ज है तथा जमावन्दी पंजी के जमावन्दी न0 17/1 में वर्ष 2001-2002 तक लगान जमा दर्ज है। आगे प्रतिवेदित किया है कि चूँकी पंजी-II के प्राधिकार कालम में जमावन्दी कायम करने का कोई आधार दर्ज नहीं है तथा जमावन्दीदार के वारिशानो के द्वारा उक्त जमावन्दी का कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया है, जिससे उपरोक्त जमाबंदी संदिग्ध/अवैध प्रतीत होता है अतः जमावन्दी रद्द करने की अनुशंसा की गई है।

प्रतिवेदन के आधार पर वादी को नोटिस देकर अपना पक्ष रखने हेतु कहा गया। वादी की ओर से उनके पुत्रवधु गीता देवी पति-तेतु पहाड़िया ने उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा है कि उक्त वाद में वर्णित भूमि की वंदोबस्ती के संबंध में उनके पास कोई कागजात उपलब्ध नहीं है।

वादी के द्वारा उक्त वाद में वर्णित भूमि से संबंधित कोई भी साक्ष्य/कागजात उपलब्ध नहीं कराने से उपरोक्त वर्णित जमाबंदी संदिग्ध प्रतीत होता है।

अतः अंचल करमाटॉड़(विद्यासागर) अंतर्गत मौजा-जरूवा, थाना सं0-90, के जमावन्दी संख्या-17/1, पर वंदोवस्ती संबंधी कोई साक्ष्य या कागजात अप्राप्त रहने के कारण जमावंदी संख्या-17/1, को संदिग्ध मानते हुए उक्त जमावंदी को रद्द करने की अनुशंसा की जाती है।

अग्रेत्तर कारवाई हेतु अभिलेख भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, जामताड़ा को भेजें।

20.05.23

अंचल अधिकारी,
करमाटॉड़(विद्यासागर),
जामताड़ा।

Digitally signed by RAM PRAWESH KUMAR
Date: 2024.07.18 13:24:40 +05:30
Location: 192.168.1.2